सराहनीय कार्य दिनाँक 20-03-2025 थाना फरिहा जनपद फिरोजाबाद।

- **वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में थाना फरिहा पुलिस व एसओजी / सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्यवाही में अभियुक्त राजा तिवारी उर्फ रोनक को पुलिस मुठभेड़ के दौरान किया गया गिरफ्तार।**
- **घायल अभियुक्त को उपचार हेतु अस्पताल भर्ती कराया गया।**
- **अभियुक्त के कब्जे से 01 तमंचा 315 बोर , 01 खोखा कारतूस ,02 जिंदा कारतूस, एक मोटरसाइकिल बरामद।**

दिनांक 19-03-2024 को वादी द्वारा थाना फरिहा पर तहरीर दी गयी कि दिनांक 17-03-2025 को समय करीब शाम 06.00 बजे वादी की पुत्री को राजा तिवारी उर्फ रोनक द्वारा अपने साथियों के साथ जबरदस्ती गाड़ी में बैठाकर अपहरण कर लिया। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना फरिहा पर मु0अ0सं0 32/2025 धारा 140(1) बीएनएस पंजीकृत किया गया।

उक्त घटना के अनावरण हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण एंव क्षेत्राधिकारी जसराना के नेतृत्व में 03 पुलिस टीमों का गठन किया गया था। इसी क्रम में दिनांक 20-03-2025 की रात्रि में अपराधों की रोकथाम एंव वांछित अभियुक्तगण की तलाश हेतु चलाये जा रहे अभियान के दौरान थाना फरिहा पुलिस टीम को मुखबिर खास ने सूचना दी कि थाना फरिहा पर पंजीकृत अभियोग 32/2025 में वांछित अभियुक्त राजा तिवारी किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में फरिहा रखावली रोड़ पर घूम रहा है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा फरिहा रखावली रोड़ पर सघन चैकिंग अभियान चलाया गया। चैकिंग के दौरान एक मोटरसाईकिल पर संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखाई दिए जिन्हे पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा किया गया। पुलिस टीम को देखकर मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति भागने लगे जिससे हडबडाहट में मोटरसाईकिल फिसलकर गिर गयी। पुलिस टीम को अपनी ओर आता देख व्यक्तियों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया आत्मरक्षार्थ पुलिस पार्टी द्वारा की गयी जवाबी फायरिंग में एक व्यक्ति के पैर में गोली लगने से घायल हो गया व अन्य दो व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गये जिनकी गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है। घायल व्यक्ति की पहचान राजा तिवारी उर्फ रोनक पुत्र कमल सिंह उर्फ संजय निवासी न्यू तिलक नगर थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद के रुप में हुई है। राजा तिवारी उर्फ रोनक थाना फरिहा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 32/2025 का वांछित अभियुक्त है। घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्त-

1. राजा तिवारी उर्फ रोनक पुत्र कमल सिंह उर्फ संजय निवासी न्यू तिलक नगर थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।

बरामदगी –

1. 01 अवैध तमंचा 315 बोर।
2. 02 जिन्दा कारतूस।
3. 01 खोखा कारतूस।
4. 01 सुपर स्पलैण्डर मोटर साइकिल।

आपराधिक इतिहास अभियुक्त राजा तिवारी उर्फ रोनक-

1. मु0अ0सं0 816/2024 धारा 351(2), 352,69 बीएनएस व 3(2) V एससी / एसटी एक्ट व 67a IT ACT थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।

2. मु0अ0सं0 32/2025 धारा 140(1) बीएनएस थाना फरिहा जनपद फिरोजाबाद।

गिरफ्तार / बरामद करने वाली पुलिस टीम-

1. प्रभारी निरीक्षक गीतम सिंह थाना फरिहा जनपद फिरोजाबाद।
2. एसओजी प्रभारी श्री दीपक तिवारी मय टीम जनपद फिरोजाबाद।
3. सर्विलांस प्रभारी श्री अमित तोमर मय टीम जनपद फिरोजाबाद।
4. व0उ0नि0 उमेश सिंह थाना फरिहा जनपद फिरोजाबाद।
5. उ0नि0 सुधीर कुमार थाना फरिहा जनपद फिरोजाबाद।
6. का0 674 तेजवीर सिंह थाना फरिहा जनपद फिरोजाबाद ।
7. हे0का0 711 अवनीश गौतम थाना फरिहा जनपद फिरोजाबाद।